صحیح مفہوم ہے وہ بدلیگا اور اگر سمجھا جائیگا کہ کوئی بھی بل جب پاس ہوتا ہے تو اسکو لوک سبھا اور راجیہ سبھا دونوں کی منظوری تاوقتیکہ نہ ہو اسوقت تک بل پاس نہیں سمجھا جائیگا - لہذا میں آپکے توسط سے درخواست کرونگا کہ رجلی رانجن ساہو صاحب نے جو بل پیش کیا ہے اسکے تعلق سے انتہائی سنجیدگی کے ساتھ حکومت غور کرے - خود میں تو یہ کہونگا کہ یہ جو بل ہے اس بل کو اڈاپٹ کر لیجئے اور اگر کوئی ٹیکنیکل ڈفیکلٹی ہو رہی ہے اس بل کو اڈاپٹ کرنے میں تو آپ اسی سیشن میں ایک باضابطہ بل لیکر آیئے تاکہ راجیہ سبھا کو بھی وہی پاور دیئے جانے چاہئے - منی بلس کے تعلق سے وہی پاورز دیئے جائیں جوکہ لوک سبھا کو دیئے جاتے ہیں یہ وقت کی اہم ترین ضرورت ہے اور یہ ڈیموکریسی اور جمہوریت کا بھی تقاضہ ہے کیونکہ پارلیمنٹ کے دونوں ہاؤسیز دو ایوان ہیں ان دونوں ایوانوں کو بھی اتنی اہمیت دی جانی چاہئے اور کبھی بھی یہ تصور نہیں ہونا چاہئے کہ ایک ہاوس دوسرے ہاوس سے بڑا ہے لہذا یہ جو تفاوت رکھا گیا ہے جو فرق رکھا گیا ہے اس فرق کو کم کرنے کیلئے میرا آپکے توسط سے حکومت سے یہ مطالبہ ہے کہ وہ رجلی رنجن ساہو صاحب کے بل پر نہایت سنجیدگی سے غور کرے اور راجیہ سبھا کو بھی فائنینشیل پاورز دینے کے تعلق سے غور کرے - شکریہ -

श्री शांती त्यागी (उत्तर प्रदेश) : मैंडम वाइस चेयरमैन, माननीय साहू जी ने जो विधेयक संशोधन का पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने खड़ा हुआ हूं। महोदया, इसमें बहस बहुत आगे बढ़ गई है, जबकि साहू जी ने, जहां तक मैं समझ पाया हूं, यह संशोधन रखा है कि अगर देश में, संसद में कोई विशेष परिस्थिति पैदा हो जाए, हाउस डिजोल्व हो जाए लोअरहाउस या फिर केअर-टेकर गवर्नमेंट हो या और कोई पेचीदा कंस्टीट्यूशनल मामला बन जाए, जहां कि बजट पास न हो सके, मनी बिल पेंडिग में रहे और एक कंटनजेन्सी उठ जाए तब क्या किया जाए? इसी सूरत में यह विधेयक यह मांग करता है। इसमें यह प्रार्थना की गई है मंत्री जी से, कि फिर राज्य सभा को यह अधिकार दे दिया जाए कि वह बहस करे उन बिलों पर और उनको स्वीकार करे।

महोदया, यह बहस होते-होते यहां पहुंच गई कि एक दूसरी कंस्टीटयूएंट असेम्बली हो, जो नया संविधान बनाए। अब आप गौर फरमायें कि पिछले वर्षों में, चालीस-बयालीस सालों में कितने संशोधन हमारे संविधान के अंदर हुए हैं और क्यों? मैडम, पंडित जी कहा करते थे कि अगर एक दस साल के बच्च को आप एक साल के बच्चे का फ्राक या कमीज पहनायें या कोट पहनायें तो वह पहना नहीं पायगे और वह फट जाएगा। उनका मंशा यह था कि कभी भी कोई चीज लिखी गई है, तो वह पत्थर की लकीर नहीं बल्कि उसमें चेन्जेज होंगे, मोडिफिकेशन होंगे, तरमीमें होंगी, तब्दीलियां होंगी और जैसी परिस्थितियां होंगी उसके मुताबिक वह डाक्यूमेंट में, चाहे वह संविधान हो या और कुछ हो, वह लिखा जाएगा। इसीलिए यह परिवर्तन किए गए हैं। अब वे कितने संशोधन हो चुके हैं, यह तो ठीक से याद नहीं है।

मैडम, यह जो विधेयक है, यह अपने तौर पर उन्होंने पेश किया है, मगर यहां पर यह बहस उठी है कि कौनसा सदन बड़ा है। मैं कहूंगा कि यह बहस बेकार है और यह ठीक भी नहीं है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि देश के 80 करोड़ लोगों ने लोअर-हाउस को चुना है और आपने कहा है कि हमारे देश के करोड़ों निवासी, जो वोटर हैं, उनमें अनपढ़ हैं, पढ़े-लिखे हैं, देहात के भी हैं, शहर के भी हैं, वृद्ध भी हैं, औरतें भी हैं, ट्राइबल भी हैं, तमाम ने उन्हें चुना है आपने कहा कि वही सोवरन है पीपल, तो उनके चुने हुए हाउस को किसी भी निगाह से छोटा समझें, यह ठीक नहीं है। इससे कल को बड़ा झगड़ा मच जाएगा... (व्यवधान)

श्री रजनी रंजन साहू (बिहार) : ऐसा नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री शांति त्यागी : मैं आपको नहीं कह रहा हूं, आपके विधेयक को नहीं कह रहा हूं। आपके विधेयक का मैं समर्थन कर रहा हूं आपने बड़े अच्छे ढंग से यह संशोधन रखा है। मंत्री जी, मुझे मालूम है कि आप स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन आप यह आश्वासन तो दीजिए कि कम से कम भारत सरकार इनके ऊपर विचार करेगी। मुझे मालूम है आप स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन अपील यह है कि आप इस पर विचार करें।

मैडम, देश में परिस्थितियां बदल रही हैं और पिछले दिनों में जो घटनाएं हुई हैं देश में, सरकार में पार्लियामेंट में, वह आपको मालूम है और उसी के मद्धे-नजर मैं समझता हूं कि साहू जी ने बहुत टाइमली, बड़े सामयिक ढंग से यह संशोधन इस सदन में पेश किया है।

मैडम, यह मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं, आप सुनिए, बहुत अधिक अन्तर पैदा किया है ब्यूरोक्रेसी ने। मुझे मालूम नहीं, आपकी स्टेट में क्या है, मगर उत्तर प्रदेश में जो नौकरशाह है, जब कोई राज्य सभा मेम्बर किसी अधिकारी को बुलाता है तो वह कहता है कि अभी टाइम नहीं है, मैं आऊंगा किसी वक्त दर्शन करने और जब लोकसभा का मेम्बर उसे बुलाता है तो वह साईकिल पर भी चढ़कर जाता है। यह अन्तर इन्होंने पैदा किया है मैं यह कह रहा हूं कि यह अंतर पब्लिक में नहीं है, पब्लिक में तो आप एम० पी० हैं, वह भी एम० पी० हैं, मगर यह ब्यूरोक्रेसी ने अंतर पैदा किया है। क्यों? क्योंकि मैं समझता हूं कि लोकसभा का जो मेम्बर है, अगर उनकी बात नहीं मानी तो उसको लगता है कि दो हजार आदमियों का जुलूस आपके दरवाजे पर डाल देगा, चाहे वह डी०सी० हो, एस० एस० पी० हो, डी० आई० जी० हो। हम राज्य सभा के लोग भी लोगों में जाकर मिलते हैं, किसानों में रहते हैं, मजदूरों में रहते हैं और सब जगह काम करते हैं। मगर, वह तो समझते हैं कि यह तो विधायकों के जरिए चुने गए हैं। चुने जरूर गए हैं, लेकिन विधायकों के जरिए और इसलिए इनका काम नहीं है कोई बड़ा प्रदर्शन करने का। यह तो ब्यूरोक्रेसी का अपना एक अन्दाज है और वह ऐसा कर रहे हैं।

मैडम, मैं यह कहना चाहता हूं आपके जरिए से कि इस विधेयक पर हमारे माननीय सदस्यों को भी, सरकार को भी विचार करना चाहिए क्योंकि एक सिचुएशन पहले उठ चुकी है और आपने देखा क्या हुआ। यह ठीक है, जैसा अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि प्रेसीडेण्ट को अधिकार है, कण्टनजेन्सी फण्ड है उनके पास और उसका कंटीजेंसी फंड पर भी अधिकार है, बात ठीक है। लेकिन अगर इस सिचूएशन में राज्य सभा को भी यह दायित्व या अधिकार आप दे दें तो वह कोई बुरी बात नहीं होगी। सिर्फ एक कंटीजेंसी मांगा जा रहा है, परमानेन्टली नहीं मांगा जा रहा है। सदन की गरिमा को या उसके अधिकारों को या उसके बड़प्पन को छोटा करके नहीं मांगा जा रहा है। सिर्फ इसलिए कि अगर ऐसी स्थिति देश में उठे तो उसमें आप यह स्वीकार करें कि इस सदन में भी यह राइट हो जाए कि हम उस पर बहस करें और उसे पास करें।

श्री शांति त्यागी

मुझे और कोई विशेष बात नहीं कहनी है, बात बातें आ चुकी हैं और मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इसको स्वीकार तो आप नहीं करेंगे लेकिन आज दुनिया बहुत बदल गई है, सोवियत यूनियन टूट गया, आप आई०एम० एफ० के पास चले गए, आप गेहूं की मांग कर रहे हैं, वह ठीक कर रहे हैं, पालिसी को लिबरल बना रहे हैं, इसीलिए कि नई सिचूएशन पैदा हो गई हैं और इसीलिए मेरी आपसे मांग होगी कि आप इसके ऊपर भी विचार करें । धन्यवाद ।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : माननीया उपसभाध्यक्ष महोदया, हमारे विद्वान सदस्य भाई साहू जी जो संविधान संशोधन विधेयक 1991 लाए हैं, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि कतिपय मामलों में, राज्य सभा को विशेष वित्तीय शक्तियां प्रदान की जाएं ।

महोदया, हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने जब संविधान की संरचना की थी तो यह बिल्कुल कल्पना नहीं की थी कि हमारे देश में एक ऐसा वातावरण निर्मित होगा जिसमें अस्थिरता रहेगी और जब अस्थिरता रहेगा राजनीतिक रूप से तो अनिश्चय की स्थिति रहेगी और उस अनिश्चय की स्थिति में निर्णय लेने में कई प्रकार के संवैधानिक संकट उत्पन्न होंगे, कई प्रकार के व्यवधान पैदा होंगे । जब हम उन पर गौर करते हैं इसतो इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि हमारे देश में जब राजनीतिक अस्थिरता आई तो कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि चाहते हुए भी हम वांछित निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाए । कुछ इसी प्रकार की परिस्थितियां हमारे देश में पिछले दिनों देखने को मिलीं जब जिन सरकारों का गठन पांच साल के लिए किया गया था, वे सरकारें पांच साल काम नहीं कर पाईं और ऐसी स्थितियां निर्मित हुईं कि वे बीच में ही टूट गईं । सरकार चली गई लेकिन बीच में जो संवैधानिक संकट उत्पन्न हुआ उसको दृष्टिगत रखते हुए हमारे साथी श्री साहू जी ने ऐसी व्यवस्था करने की आवश्यकता महसूस की हैं कि राज्य सभा को भी वित्तीय शक्तियां प्रदान की जानी चाहिए और इन शक्तियों को प्रदान करने से राज्य सभा को वे अधिकार प्राप्त होंगे जिन अधिकारों का उपयोग करते हुए राज्य सभा समय-समय पर फाइनेंशियल डिसीजन ले सकती हैं और उसी को दृष्टिगत रखते हुए जो यह बिल प्रस्तुत किया गया है, वह सामयिक है, वह सामयिक हैं, और उसको बहुत गंभीरता से लिया जाना बहुत आवश्यक है ।

महोदया, आर्टिकल 115 और 117 की जब व्याख्या की जाए तो उसके अनुसार वित्तीय मामलों की प्रक्रिया को अधिकथित करते हैं और आर्टिकल 265 और 266 में भी उल्लिखित है कि किन परिस्थितियों में फाइनेंशियल पावर्स हाउस आफ लार्डस और राज्य के सीमित हैं । 1909 में जब फाइनेंशियल बिल रिजेक्ट किया गया था तो पार्लियामेंट एक्ट 1911 पास किया गया था और ऐसी व्यवस्था की गई थी कि पार्लियामेंट यानी कि लोक सभा, राज्य सभा और प्रेजिडेंट आफ इंडिया, जब कभी फाइनेंशियल क्राइसिस होती हैं तो आर्डिनेंस जारी कर सकते हैं । आर्टिकल–117 में भी उल्लेख हैं कि जो प्रपोजल न्यू टैक्स के लिये दिये जायें वह सरकार की तरफ से होना चाहिये और सरकार जो उत्तरदायी होगी, वह सदन की होगी, जिसमें कि लोक सभा और राज्य सभा शामिल है और यह सदन जनता के प्रति उत्तरदायी होगा, यानी हमारे संविधान में इस बात की व्यवस्था है कि जनता सर्वोपरि हैं, जबकि इंग्लैंड में ऐसी व्यवस्था हैं कि जो कामर्स है वह ग्रांट्स करते हैं और जो एल्डर्स हैं वह ग्रांट्स को स्वीकृति देते हैं । गवर्नमेंट आफ इंडिया के 1935 के एक्ट के अनुसार जो फाइनेंशियल एनुअल स्टेटमेंट हैं वह दोनों सदनों में प्रस्तत किया जाता है । लेकिन हमारे यहां संविधान में ऐसी व्यवस्था की गयी है कि जो बजट है वह प्रस्तुत तो किया जाता है लेकिन प्रमुख रूप से यह लोक सभा में रखा जाता है और यहां उसकी कापी टेबिल पर रखी जाती है । महोदया, हमारे देश से अंग्रेजी राज चला गया लेकिन अंग्रेजी

प्रथा—ब्रिटिश सिस्टम आज भी मौजूद है, जो हमें समय-समय पर पुरानी दासता से हम मुक्त नहीं हुये हैं, इस बात का आभास कराता है और यह जो सब प्रावधान लिया गया है वह ब्रिटिश संसदीय प्रणाली से लिया गया है जहां हाउस आफ कामंस को हाउस आफ लार्ड्स के मुकाबले बहुत अधिक जो वित्तीय शक्तियां हैं, वह दी गयी हैं। महोदया, राज्य सभा के सदस्य पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के सदस्य हो सकते हैं, पब्लिक अंडरटेकिंग्स के सदस्य हो सकते हैं, लेकिन एस्टीमेट कमेटी के सदस्य नहीं हो सकते, यह अत्यन्त दुर्भाग्यजनक और हास्यास्पद है और जब हम इस संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं तो निश्चित रूप से हमें इस बात पर भी विचार करना चाहिये कि जब राज्य सभा के सदस्य इन दोनों समितियों के सदस्य हो सकते हैं तो एस्टीमेट कमेटी के सदस्य क्यों नहीं हो सकते। सर्वोच्च न्यायालय के जो भूतपूर्व न्यायाधीश श्री जसवंत सिंह हैं, उन्होंने अपने निर्णय में इस बात का उल्लेख किया था कि राज्य सभा की स्थिति हाउस आफ लार्ड्स जैसी महत्वहीन नहीं है। राज्य सभा के जो सदस्य हैं वे फाइनेंस मिनिस्टर हो सकते हैं। राज्य सभा के सदस्य प्रणव मुखर्जी फाइनेंस मिनिस्टर रहे। यशवन्त सिन्हा जी, सामने बैठे हैं, वे फाइनेंस मिनिस्टर रहे। आज जो फाइनेंस मिनिस्टर डा. मनमोहन सिंह और स्टेट फाइनेंस मिनिस्टर रामेश्वर ठाकुर जी हैं, वे राज्य सभा के सदस्य हैं। लेकिन राज्य सभा को वे वित्तीय शक्तियां नहीं प्रदान की जा रही हैं जिसके तहत हम उन शक्तियों का प्रयोग करके जब कोई ऐसी आकस्मिक स्थिति निर्मित होती है कि लोक सभा डिजोल्व की जाये तो राज्य सभा में हम किसी भी प्रकार का फाइनेंशियल बिल पास कर सकते हैं। जब फाइनेंस मिनिस्टर राज्य सभा दे सकती है तो फाइनेंशियल बिल पास करने के लिये वह शक्तियां प्रदान क्यों नहीं की जाती, संविधान में संशोधन क्यों नहीं किया जा सकता, आज इस बात पर गौर करने की बहुत ज्यादा जरूरत है। राज्य सभा के जो भूतपूर्व महासचिव मि. बैनर्जी हैं, उनके अनुसार भी संसदीय लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित करने के लिये यह आवश्यक है कि दोनों सदन मिलकर काम करें। लेकिन हमारे यहां यह दुर्भाग्यजनक बात है कि यह बताया जाता है कि लोक सभा के लोग जनता द्वारा चुने गये होते हैं। लेकिन जनता द्वारा जो प्रतिनिधि चुने जाते हैं उन प्रतिनिधियों के द्वारा राज्य सभा के सदस्य चुने जाते हैं इसलिये हमको और उनको बराबरी की नजरों से देखा जाना जरूरी है और हमको उन्हीं प्रकार के अधिकार दिये जाने चाहिये जो कि लोक सभा को प्रदान किये गये हैं। हमें केवल ब्रिटिश सिस्टम का पूर्णरूपेण अनुसरण नहीं करना चाहिये। अंधे होकर हमें उसी रीति पर नहीं चलना चाहिए बल्कि समय और परिस्थितियों की आवश्यकता के अनुसार हमें उनको केवल पथ-प्रदर्शक न मानकर उनमें तब्दीली पर विचार करना चाहिए और संविधान में संशोधन करना चाहिए। उस आवश्यकता को हमारे विद्वान सदस्य भाई रजनी रंजन साहू जी ने आज महसूस किया है। राज्य सभा एक कंटीन्यूअस बाडी है और यह डिस्साल्व नहीं होती है जबकि लोक सभा डिस्साल्व होती है और होती रही है। लेकिन आर्टिकल्स 392 और 356 के अनुसार राज्यसभा, लोक सभा के विघटित होने की दशा में जारी घोषणाओं की अवधि बढ़ा सकती है। अतः वित्तीय कठिनाइयों से निपटने के लिए इस प्रकार की शक्तियां राज्यसभा को दिया जाना आज के समय की आवश्यकता है। इस बारे में हमको गंभीरता से विचार करना चाहिए। जब एक सरकार नहीं रह पाती है तो उस नहीं रह पाने की अवस्था में जब लोकसभा डिस्साल्व हो जाती है, उस समय राज्यसभा को इस प्रकार की पावर्स दी जानी आवश्यक है ताकि वह किसी भी प्रकार के वित्तीय मामलों के संबंध में निर्णय ले सके और फाइनेंस बिल जब हम लोग यहां डिस्कस कर सकते हैं तो यहां उनको प्रस्तुत क्यों नहीं किया जा सकता। इस बारे में हमको विचार करना चाहिए और आवश्यकता इस बात की है कि समय-समय पर जब हमारे देश में राजनीतिक अस्थिरता हुई, आर्थिक संकट हुआ तो हमने विदेश से

[श्री सुरेश पचौरी]

लोन लिया, आई० एम० एफ० से लोन लिया । जब सरकार डिस्सालव हो जाती है तो उस कंडीशन में हमको वह सारी वित्तीय शक्तियां प्रदान किया जाना आवश्यक है ताकि हम राष्ट्र का सम्मान कर सकें, सरकार का सम्मान बना रहे और जब हम इस प्रकार के निर्णय ले सकेंगे, राज्यसभा को जब यह ताकत मिल जाएगी, यह निर्णय लेने का अधिकार मिल जाएगा तो निश्चित रूप से विदेशों में हमारी साख रहेगी, राष्ट्र का सम्मान भी बना रहेगा ।

इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए आज समय की आवश्यकता है कि हम राज्य सभा को भी वित्तीय अधिकार दें, वित्तीय निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करें और इसको दृष्टिगत रखते हुए हमारे साथी साहू जी ने जो संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं ।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो संशोधन पेश किया है माननीय साहू जी ने, यह इस बात का प्रतीक है कि हम पुरानी सोच से कुछ अलग हटकर नयी सोच की ओर बढ़ रहे हैं । चूंकि हमारा देश बहुत नकलची है इसलिए यह पुरानी चीजों को ढोते चलने में, पुरानी परंपराओं को की साथ घसीटने में आनंद लेता है । देश आजादी के बाद आज अगर हम ध्यान से देखें तो लगता है कि अंग्रेज भारत की कुर्सी से चले गए हैं लेकिन उनकी शक्ति यहां है । जो कानून 1857 के विद्रोह के बाद बनाए गए थे चाहे 1862 में, 1865 में, 1875 में, इंडियन पीनल कोड, इंडियन क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, सिविल प्रोसीजर कोड, पुलिस ऐक्ट, पुलिस मैनुअल, यह सारे कानून भारतीयों को दबाने के लिए बनाए गए थे और आजादी का दमन करने के लिए बनाए गए थे लेकिन वे सारे कानून आज भारत को दबाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं । बहुत छोटे-मोटे परिवर्तन सी. आर. पी. सी. में हुए हैं लेकिन सारे कानून ज्यों के त्यों, यथावत चल रहे हैं ।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें पुरानी चीजों को ढोते रहने की आदत पड़ गई है इसलिए जब कहीं से रोशनी आती है तो हम चाहते हैं कि पूरे परिप्रेक्ष्य में बातचीत हो । यह संविधान जो भारत का बना है, 1922 में महात्मा गांधी जी ने और 1935 में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस अधिवेशन में कहा था कि भारत का जो संविधान बनेगा वह जो कांस्टीट्यूएंट असंबली चुनी जाएगी, वह सीधे जनता से चुनी जाएगी । जनता से चुनी हुई ऐसंबली ही आजाद भारत का संविधान बनाएगी । लेकिन बदकिस्मती यह हुई यहां जो कांस्टीट्ययट ऐसेंबली बनी वह नामिनेटेड कांस्टीट्यूयेंट ऐसेंबली बनी । उसने संविधान बनाया । पता नहीं उसके दिमाग में क्या था । पता नहीं किन कारणों से उन्होंने भारत को संघीय गणराज्य बनाया । उन्होंने कहा भारत संघीय गणराज्य है लेकिन इसके जो कील, पाए उन्होंने बनाए, जो ढांचा बनाया वह बना दिया एकात्मक संविधान का । अमरीका एक संघीय देश है, वहां पर फैडरलिज्म है । तो जो सही मायने में संघीय देश है वहां का सेकिंड चेंबर बहुत पावरफुल होता है । Tle second chamber is the most powerful chamber in the world.

जैसे सीनेट है अमरीका का, वह माना जाता है दुनिया में, संविधान में, कि the Senate is the second most powerful chamber in the world..

चूंकि सीनेट राज्यों का प्रतिनिधित्व करता है, हर राज्य के प्रतिनिधि उसमें होते हैं इसलिए वह सबसे ज्यादा पावरफुल है । अमरीकन संविधान में हाउस आफ रिप्रजनटेटिव से ज्यादा पावरफुल सीनेट है जो वहां का सेकिंड चेंबर है । वहां संघीय व्यवस्था है, राज्यों का प्रतिनिधित्व है और यहां पर राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली जो संस्था है राज्य सभा जिसको कहते हैं, इसको आप सेकिंड ग्रेड का बनाकर रखते हैं । तो यह संघीय ढांचे का रूप नहीं है । यह तो एकात्मक रूप है । इसको सबार्डिनेट चेंबर बनाकर आपने रखा है । आप कहते हैं कि हाउस आफ ऐल्डर्स है राज्य सभा । हाउस आफ लार्ड्स तो दूसरी जगह की भाषा है, अंग्रेजों की भाषा में है । मैं कह रहा हूं

कि इसको आप हाउस आफ ऐल्डर्स कहकर मौखिक रूप से इसको प्रतिष्ठा दे रहे हैं लेकिन अधिकार देने के बारे में इसको आप किबल करते हैं, सबार्डिनेट चेंबर बनाकर रखते हैं । यह बात अधिक दिन चलने वाली नहीं है । संघीय ढांचे के रूप में अगर भारत को रहना है तो सेकिंड चेंबर को आपको मजबूत बनाना होगा ।

साहू जी ने तो बहुत छोटी बात कही है कि इसको वित्तीय अधिकार मिलना चाहिए । वित्तीय अधिकार तो मिलना ही चाहिए, लेकिन नियंत्रण का अधिकार इसका ज्यादा होना चाहिए । पिछले दिनों ऐसी व्यवस्था थी कि जिस पार्टी की हुकूमत दिल्ली में होती थी उसी पार्टी की हुकूमत राज्यों में भी होती थी । लेकिन आने वाले दिनों में ऐसा होने वाला नहीं है । किसी राज्य में किसी दूसरी पार्टी की सरकार होगी किसी राज्य में किसी पार्टी की सरकार होगी और दिल्ली में किसी पार्टी की सरकार होगी । अब कोअलिशन गवर्नमेंट बनेगी तो जैसे कोअलिशन गवर्नमेंट फ्रांस में और जर्मनी में बन रही है उसी तरह से यहां भी बनेगी । उस स्थिति में राज्यों के हितों की रक्षा करने के लिए जो संस्था है उसका पावरफुल होना जरूरी है । ऐसी स्थिति में पावरफुल सीनेट नहीं बनेगी तो आगे चलकर यह संघीय ढांचा गड़बड़ाने लगेगा और फिर टकराव की शक्तियां और ज्यादा जोरों से उठेंगी । यह बात अभी भी उठ रही है । दिल्ली में जिस पार्टी की हुकूमत है उस पार्टी की सरकार अगर सूबे में नहीं है तो उस सूबे के साथ दिल्ली की सरकार नाइंसाफी करती है । संसाधनों के बटवारे में और भी कई चीजें हैं जिनके बारे में उनके साथ भेदभाव होता है । इसलिए यह आवश्यक है कि इस संस्था को मजबूत बनाया जाए । दो-तिहाई बहुमत जरूरी है संविधान में संशोधन करने के लिए । लोकसभा ने 1989 में पंचायती बिल पास कर दिया था लेकिन राज्य सभा का अलग से अधिवेशन बुलाया गया 13 अक्तूबर, 1989 को और राज्य सभा ने उसको रिजेक्ट कर दिया । राजीव गांधी जी ने जो पंचायती राज का ढोल पीटा था वह खत्म हो गया । कहने का मतलब यह है कि पास पावर थी इसलिए उनके ढोल को खत्म कर दिया । इसी तरह से ताकत इस संस्था में आये ।

आने वाले दिनों में एक सवाल उठ रहा है चारों तरफ से कि यह ढीला-ढाला संघ होना चाहिए, इतना कठोर संघ नहीं होना चाहिए । सारी शक्तियां दिल्ली में ही केन्द्रित हो गई हैं । इसका विकेन्द्रीकरण नहीं हो रहा है । इस दृष्टि से भी राज्य सभा को ज्यादा ताकत मिलनी चाहिए और वित्तीय मामलों में तो अलग रखने का कोई सवाल ही नहीं है । जैसा मैंने शुरू में कहा हम नकलची बहुत हैं । हम बहुत क्रांतिकारी विचार लेकर चलते हैं लेकिन उसे व्यवहार में नहीं लाते हैं । घर में बड़ी-बड़ी बात बोलते हैं, मंच पर बड़ी-बड़ी बातें बोलते हैं लेकिन व्यवहार में बिल्कुल उलटा, करते हैं, वचन में हम राजा हैं और व्यवहार में रंक हैं । जैसे नारा है, यहां संसद में भी कहीं न कहीं लिखा होगा—वसुधैव कुटुम्बकम । सारी वसुधा एक परिवार है लेकिन हरिजनों को मन्दिर में नहीं जाने देंगे । जो अछूत हैं उनको बराबर में बैठने नहीं देंगे । बैठेंगे तो पीटेंगे । व्यवहार में बहुत दकियानूसी हैं । जैसे विक्टोरिया क्रास की पदवी वीरता के लिए अंग्रेजों के जमाने में दी जाती थी । इसे वी० सी० यानी विक्टोरिया क्रास कहा जाता था । वह बी० सी० शब्द अभी भी चालू है यानी वीर चक्र । ब्रिटिश लोगों का यह शब्द ज्यों का त्यों हमने रखा हुआ है । इसमें परिवर्तन नहीं लाये । नया शब्द गढ़ लेते, अपना दिमाग लड़ा लेते जो क्या था । पुरानी बासी चीजों को बनाये रखने की हमारी आदत बनी हुई है । जो 1935 का ब्रिटिश इंडिया एक्ट है वह ज्यों का त्यों है । जो थोड़ा बहुत शब्दों का हेर-फेर हुआ है वह इसलिए हुआ कि इस संविधान की जो सभा थी वह चुनी हुई सभा नहीं थी । कई बार इस सदन में मैं मांग कर चुका हूं और अब समय आ गया है कि नई कंस्टीट्युंट असेम्बली चुनी जाए । इसमें जो मजदूर क्लास है, हरवाह, चरवाह, कुमेरा हैं उनके प्रतिनिधि

[श्री राम अवधेश सिंह]

जब इसमें आयेंगे तब भारत का असली संघीय संविधान बनेगा और उसमें गरीबों के लिए, हरवाह, चरवाह और कुमेरा के लिए सुरक्षा की व्यवस्था होगी । उसकी प्रगति की व्यवस्था होगी । आज यह पूंजीपतियों का पाकेट बुक बन कर रह गया है । पूंजीपति जब चाहे अपने हित में परिवर्तन करा लेते हैं पर्दे के अंदर बैठकर । लेकिन व्यापक राष्ट्रीय हित में, जनहित में कोई बात होती नहीं है । मैं समझता हूं कि इसमें कई चीजें साथ-साथ जोड़ी जाएं । क्योंकि इन्होंने जो संशोधन रखा है बहुत लिमिटेड संशोधन रखा है । इसके बाहर हम बोल नहीं सकते लेकिन आउट-लाइन दे सकते हैं । हम अपनी सोच में बहुत तकियानूसी हैं। जैसे मैं उदाहरण दूं ब्रीच आफ प्रिविलज का । हमने नियम बना रखा है कि किसी अफसर ने किसी माननीय सदस्य को अपमानित कर दिया । यहां नोटिस देते हैं और चेयरमैन साहब उसको लिखते हैं। व लिखते हैं कि क्या तुमने अपमानित किया और वह साफ कह देता है कि नहीं किया । हमने कहा कि उसने दो थप्पड़ मारे, लेकिन वह कह देता कि हुजूर, हम कहां मारे हैं । हमारी दुर्दशा तो ऐसी होती है । इसलिए इन नियमों में तबदीली होनी चाहिए । इसलिए जब मेम्बर आफ पार्लियामेंट बोलता है तो उसका तो विश्वास नहीं किया जाता है और नौकरशाह पर विश्वास कर लिया जाता है । वह लिख देता है कि हमने अपमानित नहीं किया । हमारा सोच बहुत पुराने ढंग से चल रहा है । इसलिए कई चीजें ऐसी हैं जिन पर हम लोगों को नये ढंग से सोचना होगा और इसके लिए इनका जो संशोधन है, मैं समझता हूं कि वह काबिले तारीफ है । संधिान में जो 249 धारा है उसमें केवल राज्य सभा को पावर्स है, लोक सभा को पावर्स नहीं है । इसलिए अगर हम व्यापक संशोधनों की बात करें और अगर हमारी बात पर चला जाय और कुछ सदस्य तैयार हों तो हम चाहते हैं कि संविधान में बहुत मौलिक परिवर्तनों की जरूरत है , केवल इतनी बात नहीं है कि राज्य सभा को विशेष अधिकार मिल जायें, यह तो बहुत साधारण बात है । मैं चाहता हूं कि व्यापक परिवर्तनों के लिए सरकार राजी हो और देश तैयार हो और पूरे के पूरे संविधान को रिकविस्ट किया जाय । एक नई कांस्टिट्यूएंट एसेम्बली बने जो नये ढंग से संविधान बनाये और फेडरलिज्म को मजबूती दे । इस संविधान में ताकत नहीं है । ऐसे दिन भी आ सकते हैं जब संघ की एकता को बरकरार नहीं रख सकेगा क्योंकि यह डेढ़ टांग की सरकार है, डेढ़ खम्भे की सरकार है । एक तो केन्द्र है और आधा राज्य है । शेर की स्थिति केन्द्र की हो गई है और सियार की स्थिति सूबों की हो गई है । शेर चाहे तो सियार को मार देगा और जिले की स्थिति तो चूहे की हो गई है । जब चाहे उसको मार दिया जा सकता है । जब तक चौखम्भे राज्य की व्यवस्था नहीं होगी तब तक जमूरियत की इमारत खड़ी नहीं की जा सकती है और यह देश मजबूत नहीं हो सकता है । यह जो धारा 356 है इसके अन्तर्गत किसी भी चुनी हुई राज्य सरकार को खत्म कर दिया जाता है । जब चाहते हैं, कलम की एक नौक से चुनी हुई सरकार को खत्म कर दिया जाता है । सूबे की जो सरकार होती है वह कलम की एक नौक से किसी चुनी हुई जिला पंचायत को, चुनी हुई कार्पोरेशन को खत्म कर देता है । इसी प्रकार से जिल कलेक्टर कलम की एक नौक से ग्राम पंचायत को खत्म कर देता है । मतलब यह है कि सेन्ट्रलाइजेशन आफ पावर्स ऐसा हो गया है कि जिसके जरिये से देश में जमूरियत खत्म हो गई है । हमारी मान्यता है कि जब तक जिले में कलेक्टर रहेगा, यह खूंखार जानवर रहेगा, तब तक जमूरियत नहीं रह सकती है । यह खूंखार जानवर बनाया गया था सन् 1857 में हिन्दुस्तानियों को दबाने के लिए और उनको खत्म करने के लिए । इसलिए जब तक ये तमाम चीजें संविधान में रहेंगी तब तक सही मायनों में जमूरियत लागू नहीं हो सकती है । इसमें सुधार तब तक नहीं हो सकता है जब तक पूरे तौर पर नई संविधान सभा का गठन नहीं होता है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Dr. Sivaji. Just make a beginning.

DR. YELAMANCHILI SIVAJ1 (Andhra Pradesh): Madam, while supporting the Bill I would say I hope the hon. Member will not withdraw the Bill in the meanwhile.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): It is 5 o'clock. You will continue next time.

5 00 p. M.

RE. PAPER LAID ON THE TABLE BY FINANCE MINISTER ON 27-2-92— *CONTD.*

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam Vice-Chairman, I must.. .*(Interruptions). ..*

डा० रत्नाकर पाण्डेय: मैडम, 5 बजे तक सदन चलता है, इस परम्परा को कायम रखिये ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I know that the Business Advisory Committee has not taken any decision. But let me hear the Leader of the epposition.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : आज मैडम, लोगों को बाहर जाना है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Let me hear the Leader of the Opposition.

DR. RATNAKAR PANDEY: He will not speak about anything except Manmohan Singh. He has got no other topic.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kindly let me hear what he says.

SHRI M. A. BABY : I would also like to speak for two minutes only.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): But we cannot continue, Mr. Baby. I ju t want to hear what the Leader of the Opposition is saying.

SHRI M. A. BABY: Madam, it is a very serious matter.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): we have not taken a decision... *(Interruptions)...* Let me deal with it, please.

SHRI S.JAIPAL REDDY: Madam. .,

SHRI M. A. BABY: This is a matter concerning the economic sovereignty of the country.

THE VICE-CHARIMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Baby, we are not being technical. The Members are raising an objection. You know there is no unanimity, we cannot continue. But I am going to hear Mr. Reddy.

SHRI M. A. BABY: All of them are equally if not more, concerned with this particular question _____*(Interruptions).. ..*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARJAN): Mr. Ghosh, please don't) challenge the Chair.

SHRI DIPEN GHOSH: It was decided in the BAC that the business will be held up to 6 o'clock.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARJAN): No. That is not my information. You are wrongly informed.

SHRI M. A. BABY: Madam, I don't think that they will object if we sit up to 5 30 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Baby, please wait for a minute.

SHRI M. A. BABY: Allow me after Mr. Reddy.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am merely hearing the Leader of Opposition because he has something to say.

Mr. Ghosh, you are wrongly informed. No decision was taken at the BAC to sit up to 6 o'clock. You ask the office.

SHRI DIPEN GHOSH: I was there.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No such decision was taken.

SHRI M. A. BABY: As per the documents I am having the economic sovereignty of the country is being compromised. As per the documents presented by the Finance Minister, I just want to quote only one sentence. It was never placed in this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Let the Leader of the Opposition speak.

SHRI M. A. BABY: After that at least you must hear me. At least that much consideration I expect from you.